हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार 29 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 18.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री


10 राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए किया जागरूक





10 स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए किया प्रेरित





## आरपीएस महेंद्रगढ़ के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक-1 प्राप्त कर इतिहास रचा

### -कानूनी शिक्षा के शिखर पर आरपीएस के सितारे

### क्लैट व एलेट 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन



कृष्ण कुमार

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय खातोद महेंद्रगढ़ के छात्र कृष्ण कुमार ने वर्ष 2026 की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि प्रवेश परीक्षा क्लैट में अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर इतिहास रच दिया। वहीं पीयूष ने हरियाणा कैटेगरी में स्टेट रैंक-1, महक, रौनक, अक्षिता व ज्योति चनेजा ने विभिन्न राज्यों में स्टेट रैंक-2, जबकि श्रेयसी और नव्या ने स्टेट रैंक-4 हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा आयोजित एलेट परीक्षा में भी आरपीएस की छात्रा महक ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-3 तथा स्पंदन ने ऑल इंडिया रैंक-27 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। बता दें कि आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लैट और एलेट में ऐतिहासिक सफलता दर्ज कर शिक्षा जगत में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल देशभर में बल्कि विभिन्न राज्यों में भी टॉप रैंक हासिल कर क्षेत्र, जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित क्लैट में आरपीएस महेंद्रगढ़ के कृष्ण कुमार ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1, छात्र पीयूष ने हरियाणा कैटेगरी में स्टेट रैंक-1, महक,रौनक, अक्षिता व ज्योति चनेजा ने विभिन्न राज्यों में स्टेट रैंक-2, श्रेयसी और नव्या ने स्टेट रैंक-4 तथा श्रेयसी कंबोज, कुसुमलता, अंशु, पीयूष, शिखा, लक्षिता, प्रतीक्षा, उषा, वल्लिका, प्राशी गुप्ता, वैभवी सुरेरिया, माही राव, स्पंदन, हंशिका सहित अन्य विद्यार्थियों ने टॉप रैंकों में स्थान बनाते हुए आरपीएस की शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की। उधर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा आयोजित एलेट परीक्षा में भी आरपीएस के छात्रा महक ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-3 तथा स्पंदन ने ऑल इंडिया रैंक-27 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस वर्ष आरपीएस के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने क्लैट व एलेट क्वालिफाई किया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा आरपीएस के छह विद्यार्थियों कृष्ण कुमार, महक, पीयूष, श्रेयसी, अक्षिता धीमान, रौनक को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में मिला दाखिला।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि न्यायपालिका समाज की सेवा और संविधान की रक्षा का सशक्त माध्यम है और आरपीएस के ये विद्यार्थी भविष्य के सशक्त न्याय प्रहरी बनेंगे। आरपीएस के विद्यार्थी अब तकनीकी, चिकित्सा के साथ-साथ विधि और वाणिज्य के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रच रहे हैं। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉक्टर पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस की शिक्षण प्रणाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने में सक्षम है, जिसका परिणाम क्लैट और एलेट में यह अभूतपूर्व सफलता है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बताया कि विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को नवोनतम परीक्षा पैटर्न पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है। परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए समय-समय पर 'मोटिवेशनल सेशन' और काउंसलिंग का आयोजन किया जाता है, जिससे कि विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बना रहे।




सफल विद्यार्थियों ने कहा कि यह सफलता आरपीएस परिवार की दूरदर्शी सोच और अटूट परिश्रम का परिणाम है। विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। अनुभवी शिक्षकों और कानूनी विशेषज्ञों द्वारा नियमित कक्षाओं के साथ-साथ कठिन विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।

(ADVT.)


## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** ईक्कस में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ईक्कस निवासी महाबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दिव्यांग बेटे तथा बीमार सास को इलाज के लिए जींद ला रहा था। गांव के मोड पर गांव के ही मोहन परिवार ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया।

### अवैध असला रखने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** अवैध असला अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत मंगलवार को स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा एक आरोपी को 315 बोर अवैध देसी पिस्तौल सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश की अगुवाई में एएसआई संदीप कुमार की टीम दोपहर के समय नई अनाज मंडी जींद कैथल रोड़ पर मौजूद थी।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी

**जींद।** गांव रत्ताखेड़ा में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव रत्ताखेड़ा निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोर उसके मकान में घुस गए और कमरे का ताला तोड़ लिया।

### मारपीट के मामले में उद्घोषित आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ द्वारा अलग-अलग 3 मामलों में 3 उद्घोषित आरोपी काबू कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ के एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा गांव फरल निवासी अजय उर्फ गुंगा को काबू कर लिया। आरोपी द्वारा 25 जून 2022 को साथी के साथ मिलकर गांव फरल में करियाणा की दुकान मालिक व भतीजे पर डंडों के साथ गंभीर चोटे मारने का आरोप था।

### राज्यस्तरीय पशु प्रदर्शनी कुरुक्षेत्र में 6 से 8 तक

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राज्यस्तरीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन आगामी छह फरवरी से आठ फरवरी तक कुरुक्षेत्र के मेला ग्राउंड में किया जाएगा। बताया कि यह हरियाणा सरकार की 41वीं राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी होगी।

### महिला-युवती संदिग्ध हालात में लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक महिला तथा युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव सफाखेड़ी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं गांव रजाना कलां से भी 19 वर्षीय युवती घर से गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने उन्हे तलाशा भी लेकिन कोई सुराग नही लगा।

## ग्योंग के पास लावारिस गोवंश गाड़ी के सामने आने से कार पेड़ से टकराई

# कैथलः पोती की शादी की तैयारियां मातम में बदली

### एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही मौत

मंगलवार देर रात कुरुक्षेत्र रोड पर हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मंगलवार देर रात कुरुक्षेत्र रोड पर हुए कार हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत के चलते शादी की खुशियां गम में बदल गई। जहां शादी की तैयारियां चल रही थी तथा शहनाई गूंजने को तैयार थी तो अब वहां पर चित्कार सुनाई दे रहा है। बता दें कि हादसे में मृतक दंपत्ति की पोती की शादी 5 फरवरी को निर्धारित की थी जिसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही थी। हादसे के बाद रिश्तेदारों और कॉलोनी के लोग परिवार को सांत्वना देने के लिए घर पहुंच रहे हैं। मृतक देवराज के दूसरे बेटे राजीव ने बताया कि उसका छोटा भाई सचिन, उसकी मां उषा उसके भतीजे अमन के साथ पिता देवराज को लेने के लिए दोपहर को शाहबाद के निकल गए थे। वहां अस्पताल में उसके पिता को देरी से छुट्टी मिलने पर ही वे रात को ही कैथल के लिए निकल पडे। जैसे ही वे गांव ग्योंग के निकट पहुंचे तो एक लावारिस गाय गाड़ी के सामने आ गई। गाय को बचाने के चक्कर में कार का बैलेंस बिगड़ गया तथा कार सड़क किनारे खड़े सफेद के पेड़ से टकरा गई।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

### पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे

थाना सदर प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामले में मृतक देवराज के बड़े बेटे राजीव के बयान के आधार पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई की है। मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिए तथा घायल युवक का सिविल अस्पताल कैथल में उपचाराधीन है।

### मौके पर ही तोड़ा दम

राहगीरों ने बताया कि जिस समय यह हादसा हुआ तो कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी पेड़ के साथ सामने से टकरान के चलते आगे का हिस्सा पूरी तरह से पिचक गया। इस कारण गाड़ी में सवार चारों व्यक्ति पूरी तरह से कार में फंस गए थे। पुलिस ने राहगीरों ने मदद से गाड़ी में फंसे मृतकों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

## किलाजफरगढ़ के पास दो ट्रकों की टक्कर, चालक ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

किलाजफरगढ़ के पास एनएच 152डी पर बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां दो ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई। जिसमें पीछे से आ रहे ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर जुलाना पुलिस पहुंची व स्थिति का जायजा लिया। बीती रात करीब साढ़े नौ बजे राजस्थान से पंजाब की ओर जा रहा ट्रक किलाजफरगढ़ टोल प्लाजा के पास पहुंचा। चालक ने ट्रक की रफ्तार धीमी कर दी। इसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रहे दूसरे ट्रक ने पहले ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पीछे वाले ट्रक के केबिन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक 51 वर्षीय राजस्थान निवासी द्वारिका गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस ने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। वहीं ट्रक में सवार परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस की सहायता से जींद के सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां इलाज जारी है। सूचना मिलने पर जुलाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल भेजा।

### जांच में जुटी पुलिस

जुलाना थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



कैथल। अवैध कालोनी की सड़कों को हटाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

## पूंडरी में अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का पीला पंजा

### 5 एकड़ में फैली दो कॉलोनियां ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने जिला प्रशासन और पुलिस बल के सहयोग से पूंडरी क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। विभाग द्वारा पूंडरी राजस्व संपदा के अंतर्गत लगभग 5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही 2 अवैध कॉलोनियों में बनाई गई सड़कों को शुरुआती चरण में ही जेसीबी मशीनों की मदद से तोड़ दिया गया।

इस पूरी कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार स्वयं ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहे। उन्होंने बताया कि तहसील कार्यालय पूंडरी के पास बिना विभागीय अनुमति के कॉलोनी विकसित करने पर भू-स्वामियों और प्रॉपर्टी डीलरों को एच.डी.आर. एक्ट 1975 के तहत नोटिस दिए गए थे, लेकिन निर्माण कार्य न रुकने पर यह सख्त कदम उठाया गया। विभाग ने अवैध कॉलोनी विकसित करने के आरोप में भू-मालिकों और डीलरों के खिलाफ पुलिस को शिकायत भेज दी है। इन्फोर्समेंट पुलिस स्टेशन, कैथल द्वारा इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कार्रवाई जारी रहेगी

जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने आम लोगों से अपील की है कि वे सस्ते प्लाटों के लालच में आकर प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आएं और अपनी मेहनत की कमाई बर्बाद न करें। जमीन खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जानकारी डीटीपी कार्यालय से अवश्य प्राप्त करें। प्रशासन ने प्रॉपर्टी डीलरों और भू-मालिकों को चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।



जुलाना। मिक्कु सिंहरोहा को सम्मानित करते मालवी गांव के ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होने पर मिक्कु सम्मानित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच राजेंद्र जांगड़ा ने की। कार्यक्रम में आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर डा. योगेश नांदल ने शिरकत की। राजेंद्र जांगड़ा ने बताया कि मिक्कु सिंहरोहा मालवी गांव की भांजी है। मिक्कु का लेफ्टिनेंट पद के लिए चयन होने से गांव में खुशी का माहौल है। मिक्कु के पिता की 10 साल पहले मृत्यु हो चुकी है। मिक्कु की माता भतेरी ने कड़ी मेहनत करते उसे मुकाम तक पहुंचाया। मिक्कु की माता भतेरी देवी ने कहा कि मिक्कु शुरूआत से ही पढ़ाई के क्षेत्र में आगे रही है। उसका सपना था कि उनकी बेटी पढ़ लिख कर सेना में नौकरी करते हुए देश का नाम रोशन करे। उसी को पूरा करने के लिए मिक्कु ने दिन रात मेहनत की और मुकाम को हासिल किया। डा. योगेश नांदल ने कहा कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नही हैं। इस मौके पर सुभाष ढिगाना, राजेंद्र दलाल, धर्मेंद्र पहलवान, युद्धबीर, सुधीर, अशोक पंच, जसमेर, प्रदीप शर्मा, जयदेव आदि मौजूद रहे।

### पशुओं को सड़क से हटाना सबकी जिम्मेदारीः उपायुक्त

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि सड़कों पर भटक रहे गोवंश को सड़कों से हटाना हम सब की जिम्मेदारी है। इसके लिए हम सभी को सामूहिक रूप से मिलकर प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आदेश जारी किए हैं कि जिले में गो अभ्यारण्य बनाया जाए। जहां सड़कों से गोवंश को हटाकर रखा जा सके। इसके लिए अधिकारी जल्द से जल्द जगह की तलाश करें। डीसी अपराजिता बुधवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहीं थीं। इससे पूर्व कृषि, डेयरी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राज्यस्तरीय वीसी के बाद डीसी ने कहा कि पंचायत विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी जल्द किसी एक गांव में कम से कम 50 एकड़ या इससे अधिक क्षेत्र को चिन्हित करें।

## सीआईए कर्मियों पर हमला कर नशा तस्कर छुड़वाया

### *हमले में सिपाही समेत दो कर्मचारी घायल, छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज*

- नशा तस्करी में फरार चल रहे आरोपित को पकड़ने पहुंचे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लोहचब में नशा तस्करी में फरार चल रहे तस्कर को पकड़ने पहुंचे सीआईए स्टाफ पर परिजनों ने हमला कर दिया और आरोपित को छुडा ले गए। हमले में सिपाही समेत दो कर्मियों को चोटें आई। सदर थाना पुलिस शिकायत पर छह लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मारपीट करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किया है। लोहचब निवासी रामनिवास के खिलाफ सदर थाना सफीदों में नशा तस्करी का मामला दर्ज है। जो इस मामले में फरार चल रहा है। सीआईए को सूचना मिली थी कि रामनिवास घर पर आया है। एएसआई अशोक, सिपाही संदीप, एसपीओ सुधीर ने सूचना के आधार पर रामनिवास के घर पर दस्तक देकर काबू कर लिया। पुलिसकर्मी रामनिवास को लेकर उसके घर से बाहर निकल रहे थे तो उसी दौरान रामनिवास के परिजन व पड़ोसी दरांत-लाठियां लेकर पुलिसकर्मियों को घेर लिया और मारपीट करते हुए रामनिवास को पुलिसकर्मियों से छुडवा लिया। आरोपितों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव भी किया। मारपीट में सिपाही संदीप तथा एसपीओ सुधीर को चोटें आई। जब तक सूचना पाकर अतिरिक्त पुलिसबल मौके पर पहुंचता तब तक आरोपित रामनिवास तथा हमलावर फरार हो चुके थे। घायल दोनों पुलिस कर्मियों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया।

### मामले की जांच जारी

सदर थाना पुलिस ने सिपाही संदीप की शिकायत पर रामनिवास, उसकी पत्नी, सुभाष तथा उसकी पत्नी, दो सुभाष के बेटों की पत्नियों को नामजद के कुछ अन्य के खिलाफ मारपीट करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना के जांच अधिकारी नरेश ने बताया कि नशा तस्कर को पकड़ने के लिए पुलिसकर्मी पहुंचे थे। आरोपित ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर आरोपित को छुडावा लिया। फिलहाल छह लोगों को नामजद कर कुछ अन्य क खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### नहीं हो पा रही मरीजों की काउंटिंग, समय भी लग रहा ज्यादा

# नागरिक अस्पताल में मरीजों का रजिस्ट्रेशन करने के लिए प्रिंटर रोल खत्म, ऑनलाइन डाटा अपलोड होना हुआ बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में ओपीडी स्लिप काउंटर में मरीजों की पर्चियों पर लगाए जाने वाले बार कोड के लिए प्रयोग किए जाने वाले पेपर रोल खत्म हो गए हैं। ऐसे में कर्मचारियों को मरीजों की हाथ से रजिस्ट्रेशन स्लिप बनानी पड़ रही हैं। इससे एक तो समय अधिक लग रहा है वहीं मरीजों की काउंटिंग भी नहीं हो रही हैं। मरीजों का डाटा ऑनलाइन नहीं होने के कारण चिकित्सक भी मरीज की पूरी हिस्ट्री चेक नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में मरीजों, चिकित्सकों व कर्मचारियों सभी को परेशानी हो रही है। पिछले एक सप्ताह से यह समस्या आ रही है। नागरिक अस्पताल में मरीजों का रिकार्ड ऑनलाइन होता है। इसके लिए जब मरीज अस्पताल में आता है तो उसका रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन किया जाता है। इससे मरीज का पूरा रिकार्ड संबंधित चिकित्सक कभी भी चेक कर सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में समय भी कम लगता है तथा इसी बार कोड व नंबर के आधार पर मरीज के डिजीटल एक्सरे भी उपलब्ध रहते हैं। अस्पताल में सप्ताह से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के बाद जो प्रिंटर से स्लिप निकलती है, उसके रोल खत्म हो चुके हैं। कर्मचारियों को हाथ से ही पर्ची पर लिखना पड़ता है। इसमें ज्यादा समय लग जाता है। ज्यादा समय लगने के कारण रजिस्ट्रेशन खिड़की पर मरीजों की भीड़ लग जाती है। ऐसे में मरीजों को ज्यादा समय लगने के कारण उनमें धक्का-मुक्की रहती है। यदि कोई मरीज दोबारा अस्पताल में आता है तो उसका ऑनलाइन रिकार्ड भी उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे में चिकित्सक को पता नहीं चल पाता कि मरीज को पहले कौन सी दवाई दी हैं या इसकी बीमारी की हिस्ट्री क्या है। ऐसे में चिकित्सकों को भी परेशानी आ रही है।



बार कोड के प्रिंटर के रोल खत्म होने पर हाथ से लिखी जा रही पर्ची।

### परेशानी नहीं आने दी जाएगी

नागरिक अस्पताला के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि बार कोड के प्रिंटर के रोल खत्म हो गए थे। वह अब मंगवा दिए गए हैं। वीरवार से मरीजों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।



जींद। सेक्टर में खुले में दूषित पानी। फोटो :हरिभूमि

### चार लाख से सीवरेज व्यवस्था होगी दुरुस्त

**जींद।** सेक्टरों में सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त होगी। इस कार्य पर चार लाख 48 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इसके लिए शहरी विकास प्राधिकरण कार्यालय ने टेंडर लगाए हैं। जिसकी बीड फरवरी माह के पहले सप्ताह में खुलेगी। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी की ओर से कार्य किया जाएगा। इससे मुख्य रूप पर हर रोज जगह-जगह सेक्टरों में सीवरेज सफाई नहीं होने के कारण ओवरफ्लो जैसी समस्याएं आती हैं। उन समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इसके अलावा वाटर सप्लाई में क्लोरीन गैस डालने को लेकर नौ लाख रुपये का टेंडर लगाया गया है। वाटर वर्क्स में सिलेंडर के माध्यम से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में क्लोरीन की सप्लाई पेयजल में छोड़ी जाएगी। जिससे पेयजल में हानिकारक बैक्टीरिया को समाप्त किया जा सके और लोगों को बेहतर पेयजल सप्लाई मुहैया हो सकेगी। गौरतलब है कि सेक्टर छह, सात, आठ और नौ में लगभग 2500 मकान हैं। जिसमें लगभग आठ हजार लोग रहते हैं। सेक्टर छह, सात में वाटर वर्क्स से नहरी पेयजल सप्लाई होती है। इसके अलावा सेक्टर आठ और सेक्टर नौ में बूस्टिंग स्टेशन से पेयजल सप्लाई होती है।

## खबर संक्षेप

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की जानकारी दी

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज में प्राचार्य सत्यवान मलिक जी की अध्यक्षता में कार्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सही उपयोग विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षण एवं गैरशिक्षण कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रोजमर्रा के कार्यालयी और शैक्षणिक कार्यों को आसान और प्रभावी बनाना रहा।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना से महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

**जींद।** हरियाणा सरकार महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हरियाणा मातृ शक्ति उद्यमिता योजना चला रही है। इसके तहत हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से पात्र महिलाओं को बैंकों द्वारा पांच लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि योजना के अंतर्गत महिलाएं ऑटो व ई रिक्शा, टैक्सी, सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बिस्कुट बनाने जैसे अनेक कार्य शुरू कर सकती हैं।

### राजीव गांधी कालेज ने इंटर यूथ फेस्टीवल में जीती ट्राफी

**उचाना।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जीद में चल रहे तीन दिवसीय इंटर यूथ फेस्टीवल में राजीव गांधी कालेज उचाना की टीम ने ट्राफी अपने नाम की। प्राचार्य डॉ. रणवीर कौशल ने सफलता की बधाई देते विद्यार्थियों की हौंसला अफजाई की कहा भविष्य में भी महाविद्यालय की टीम इसी प्रकार शिक्षा, खेल, एनसीसी, एनएसएस, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में भाग लेकर नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई

**जींद।** सब सेंटर रूपगढ़ के अंतर्गत आने वाले ईंट भट्टों पर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता देवीराम कौशिक ने भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों व परिवारों को बेटियों के संरक्षण, शिक्षा व समान अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

### प्रदेश में आने वाला कल इनेलो काः रामफल कुंडू

**उचाना।** बस स्टैंड के पास ब्राह्मण धर्मशाला इनेलो की मीटिंग हुई। मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामफल कुंडू, जिला युवा प्रभारी प्रदीप गिल, जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू पहुंचे। कुंडू ने कहा कि 6 फरवरी को जींद में युवा सम्मेलन होगा जिसमें युवा इनेलो राष्ट्रीय प्रभारी कर्ण सिंह चौटाला पहुंचेंगे। मीटिंग में अधिक से अधिक भागीदारी को लेकर निमंत्रण दिया गया। 23 मार्च को नरवाना में राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन होगा।

### समाज की नींव होती हैं बेटियां : मीनाक्षी बूरा

**जींद।** ग्राम पंचायत रजाना कलां में सरकार द्वारा करवाए जा रहे साप्ताहिक अभियान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मीनाक्षी बूरा ने बताया कि बेटी समाज की नींव होती है। हमें बेटियों को भी बेटों जितना सम्मान देना चाहिए। प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता अनीता ने कहा कि बेटी आंगन की शोभा होती हैं और पिता का मान होती हैं।

### मिशन निदेशक ने भेजा वार्ता का निमंत्रण

**जींद।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो हरियाणा के 29 जनवरी के प्रस्तावित उपवास कार्यक्रम को मिशन निदेशक से प्राप्त वार्ता निमंत्रण के बाद एसो ने स्थगित कर दिया है। एसो की राज्य प्रधान शर्मिला देवी महासचिव सहदेव आर्य सांगवान एवं राज्य प्रवक्ता संदीप कुंडू ने बताया।

### कृत्रिम आभूषण बनाने का दिया प्रशिक्षण

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गोविंदपुरा गांव में चलाए जा रहे 14 दिवसीय कृत्रिम आभूषण बनाने का कार्यक्रम का समापन हुआ। इसमें 35 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक सुखबीर सिंह दहिया ने की।

---

### हिंदू कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का समापन

# राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए किया जागरूक

#### व्यक्तित्व विकास और समग्र वृद्धि से जुड़ी गतिविधि करवाई

**बीए तृतीय वर्ष की खुशी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका का पुरस्कार**



**जींद।** एनएसएस शिविर के समापन पर हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में 20 जनवरी से 26 जनवरी तक चले सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का रंगारंग समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों और प्राचार्या द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने समापन समारोह की मुख्य अतिथि प्राचार्या डा. पूनम मोर का फूलों के गुलदस्ते और लक्ष्य गीत के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में शिविर के दौरान सीखे गए सूर्यनमस्कार का प्रदर्शन स्वयंसेविकाओं ने बखूबी किया। जिसने सभी उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह में स्वयंसेविकाओं ने इन सात दिनों के अपने अनुभव और सीख सांझा की। जिससे उन्हें यह ज्ञात हुआ कि वे समाज में एक संदेशवाहक के रूप में कार्य कर समाज की रूपरेखा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी क्रांति ने पिछले छह दिनों में हर सत्र में करवाई गई विभिन्न गतिविधियों की अंतिम रिपोर्ट पढ़ी। विस्तार से बताया कि कैसे प्रत्येक गतिविधि स्वयंसेविकाओं के व्यक्तित्व विकास और समग्र वृद्धि से जुड़ी है और इसका कितना महत्व है। उन्होंने यह भी बताया कि 48 स्वयंसेवक प्रतिभागियों के लिए शिविर के उद्देश्य किस प्रकार प्राप्त हुए और इसके परिणाम भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने हरियाणा राज्य गीत श्चारों ओर होगी हरियाली पर एक मनमोहक प्रस्तुति दी और वोटिंग राइट विषय पर एक नाटक का भी मंचन किया। जिसने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। विशिष्ट अतिथि डा. बलवंत नेहरा ने देशभक्ति गीत गाकर स्वयंसेविकाओं का उत्साहवर्धन किया। इस शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली स्वयंसेविकाओं को प्राचार्या डा. पूनम मोर ने पुरस्कारों से सम्मानित किया। बीए तृतीय वर्ष की खुशी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका का पुरस्कार प्रदान किया गया।

#### पुरस्कार देकर किया सम्मानित

सभी स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने क्रांति और पूरी एनएसएस टीम के साथ-साथ स्वयंसेविकाओं को शिविर के सफलतापूर्वक समापन पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर छात्राओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं, उन्हें सामाजिक समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाते हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। कार्यक्रम के संध्या सत्र में स्वयंसेविकाओं से बहुमूल्य प्रतिक्रिया और सुझाव लिए गए। इस अवसर पर नीलम नेहरा की उपस्थिति गौरवपूर्ण रही। कार्यक्रम का समापन सभी स्वयंसेविकाओं और शिक्षकों के सामूहिक नृत्य के साथ हर्षोल्लास पूर्वक हुआ।

---

# प्रिया-मुक्ता ने पाया प्रथम स्थान

#### राजकीय कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार कालेज स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मुनीष कुमार ने की तथा मुख्यातिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य रविंद्र कुमार हुडडा ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका सुनीता दुग्गल, डा. मंजीत, डा. सीमा, चांदराम ने निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तर्कशक्ति और नवाचार को बढ़ावा देना है। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य मुनीष कुमार, उप प्राचार्य सुनीता दुग्गल, विज्ञान समिति प्रभारी डा. मंजीत और विज्ञान समिति के सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यातिथि ने विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित विज्ञान माडल का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में बाटनी, भूगोल, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान के विद्यार्थियों ने संबंधित विषयों पर अपने माडल प्रस्तुत किये। विज्ञान प्रदर्शनी में बाटनी विभाग में प्रिया व मुक्ता प्रथम स्थान पर रही । रसायन विभाग में निधि व प्रियंका प्रथम, भूगोल विभाग से टिंकू राम व हर्ष प्रथम, कंप्यूटर विभाग से वंदना व पलक प्रथम और भौतिकी विभाग में कोमल व आशु प्रथम स्थान पर रहे । मुख्यातिथि डा. रविंद्र कुमार हुड्डा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।


राजकीय महाविद्यालय अलेवा में विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि पूर्व प्राचार्य रविंद्र हुड्डा।


जच्चा बच्चा वार्ड में कंबल व बिस्किुट वितरित करते सीएमओ डा. सुमन कोहली।

### अस्पताल प्रशासन को 100 कंबल सौंपे

**जींद।** सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन ने नागरिक अस्पताल प्रशासन को सौ कंबल देने का काम किया है। कंबल अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद मरीजों व उनके तिमारदारों को उपलब्ध करवाए जाएंगे। वहीं जच्चा व बच्चा के लिए बिस्किट पैकेट भी सौंपे। सृष्टि प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर नागरिक अस्पताल की सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली रही जबकि सृष्टि संस्था की तरफ से नागरिक अस्पताल जींद की डा. मंजू सिंगला, सृष्टि के प्रधान सुनील गोयल, पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया, डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल, डा. विवेक सिंगला, सुनील गोयल, केपी सिंह, अनिल सिंगल, सुरेंद्र गर्ग, अमित व महिला सृष्टि की ओर से डा. सीमा सिंह, पारूल गोस्वामी, मंजू गर्ग, बिंदू गुप्ता व अंजू सिंगला उपस्थित रहे।

### नेशनल हाईवे की नहीं ली सुध, अधिकारियों पर केस

**जींद।** जींद-रोहतक तथा जींद पटियाला नेशनल हाइवे पर बने गड्ढों तथा बिजली व्यवस्था खराब होने पर उचाना थाना पुलिस ने नेशनल हाइवे अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उचाना निवासी प्रवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जींद-रोहतक तथा जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर गड्ढे बने हैं। बिजली की भी कोई व्यवस्था नही है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाता है। हाईवे पर गड्ढों तथा बिजली की व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को लिखा भी गया और चालकों को हो रही परेशानी के बारे में भी अवगत करवाया गया। जबकि वाहन चालक टैक्स देकर हाइवे पर सफर करते हैं। गड्ढों तथा बिजली व्यवस्था ने होने के कारण हादसे भी हो रहे हैं। लोगों की जान भी जा रही है। बावजूद इसके हाइवे अथोर्टी वाहन चालकों को सुविधा देने में नाकाम रही है।

### टीकाकरण के प्रति किया जागरूक

**जींद।** नगूरां पीएचसी के अधीन विभिन्न गांव के उप स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग ने नियमित टीकाकरण के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों को टीबी, हेपेटाइटस बी, पोलियो, गलघोटू, टैटनस, काली खांसी, खसरा, रूबैला, निमोनिया, दिमागी बुखार और दस्त जैसी 12 जानलेवा बीमारियों के बचाव के लिए टीका लगाया। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक ने समझदारी दिखाएं, अपने बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण करवाएं नामक स्लोगनों से लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि टीकाकरण से बच्चों में संक्रामक रोगों से सुरक्षा मिलती है। इसके अलावा शिशु व माता मृत्यु दर में कमी, सामूहिक प्रतिरक्षा, आर्थिक बचत व चेचक व पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों को जड़ से उखाडने में मदद मिलती है।


**जींद।** हसनपुर गांव में टीकाकरण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।


**जींद।** विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### महिला कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी

**जींद।** राजकीय महिला कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। अध्यक्षता प्रिंसिपल डा. जय नारायण गहलावत ने की। बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की भावना को विकसित करना है। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भूगोल, संगणक विज्ञान के मॉडलों का प्रदर्शन किया। संयोजिका आशी मित्तल रही। बताया कि प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ समाज को विज्ञान के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। प्रदर्शनी में भौतिकी में अनुष्का एवं महक, रसायन विज्ञान में वंशिका एवं अंशिका, जीव विज्ञान में महक एवं नेहा वनस्पति विज्ञान में ओजसी एवं पलक भूगोल में रीतिका एवं इच्छा व संगणक विज्ञान में रीतिका एवं सलोनी का मॉडल प्रथम रहा।

### सूर्य नमस्कार का किया अभ्यास

**जींद।** सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयुष विभाग द्वारा छात्तर गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को सूर्य नमस्कार करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग सहायिका कविता दलाल व नीलम के अलावा योग सहायक संदीप ने की। इस दौरान योग सहायिका कविता ने बताया कि सूर्य नमस्कार जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिला के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। उन्होंने बच्चों को सूर्य नमस्कार के फायदे बताते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार से मोटापा कम किया जा सकता है। शरीर में स्पूर्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, मानसिक तनाव में कमी होती है। दौरान सभी स्टाफ सदस्यों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया।


छात्तर स्कूल में बच्चों को सूर्य नमस्कार करवाती योग सहायिका नीलम।

### सात दिवसीय शिविर का समापन



**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय कॉलेज प्राचार्या डा. अंजना लोहान की अध्यक्षता में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. रामपाल सैनी एनएसएस कोऑर्डिनेटर नवीन गड़वाल एवं विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में एनसीसी कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का गार्ड ऑफ ऑनर देकर भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने मुख्यअतिथि व अन्य अतिथियों को बैज लगा कर सम्मानपूर्वक उनका अभिनंदन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी अतिथियों का महाविद्यालय में आगमन पर हार्दिक आभार व्यक्त किया।


**जुलाना।** विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### भाषण प्रतियोगिता में आकृति प्रथम

**जुलाना।** कस्बे के पीएम श्री कन्या स्कूल में छात्राओं के सर्वांगीण विकास और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य सुनील नेहरा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र बांगड ने शिरकत की। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सोशल मीडिया के सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर विचार रखे। प्रतियोगिता में छात्राओं ने आत्मविश्वास, विषय की समझ और प्रभावी प्रस्तुति के माध्यम से श्रोताओं को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में आकृति ने प्रथम स्थान,वृंदा ने दूसरा और ज्योति ने तीसरा स्थान हासिल किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि धर्मेंद्र बांगड एवं प्राचार्य सुनील नेहरा ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## सैनी सरकार किसान-मजदूर हितैषीः कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसान, मजदूर व गरीब आदमी की हितैषी सरकार है। जो दिन-रात गरीबों में किसानों के बीच में रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। कंडेला ने कहा है कि प्रदेश में हर वर्ग सरकार से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। इसमें चाहे गरीब आदमी हो, किसान हो, व्यापारी हो, कर्मचारी हो यह सरकार दिनरात सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नारे पर काम कर रही है। इसी प्रकार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल हरियाणा की बिना पर्ची खर्ची के युवाओं को रोजगार देकर अच्छी सुशासन व्यवस्था का कार्य किया है। उनके पद चिन्ह पर चलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री युवाओं को रोजगार दे रहे हैं। कंडेला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के लिए किसान सम्मान निधि व फसल बीमा योजना व और हाल ही में फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी करके किसानों के हित में एक सराहनीय कदम उठाया है। विकास के लिए दिन रात कार्य कर रहे हैं। देश के अंदर बड़े-बड़े सड़कों का निर्माण करके लोगों के रास्तों को सुगम करने का कार्य किया है। जिसके कारण भारत देश का विकास तेजी से आगे बढ़ रहा है।

#### कांग्रेस परिवारवाद व भ्रष्टाचार की पार्टी



कंडेला ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी परिवारवाद व भ्रष्टाचार की पार्टी है। आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। कंडेला ने जींद के विकास पर बोलते हुए कहा कि आज जींद जिला चारों ओर से हाइवे से जुड़कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इस विकास को आगे ले जाने में प्रदेश के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा का अहम योगदान है, जो लोगों की दिन-रात समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। जींद जिले को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं।


**जींद।** डिजिटल सुरक्षा की जानकारी देते राजकुमार भोला। *फोटो :हरिभूमि*

### साइबर अपराध से बचाव के लिए किया प्रेरित

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा डेटा गोपनीयता दिवस के अवसर पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा, व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में संस्था में हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड एचकेसीएल के तत्वावधान में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने की। उन्होंने कहा आज के डिजिटल युग में हमारी निजी जानकारी जैसे आधार, बैंक विवरण मोबाइल नंबर, पासवर्ड और सोशल मीडिया अकाउंट हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इसकी सुरक्षा के बिना सुरक्षित भविष्य की कल्पना नही की जा सकती है।

### राजकीय महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

# स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय में नेशनल टास्क फोर्स के तहत मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी नेशनल टास्क फोर्स सत्यवान मलिक ने की। कार्यक्रम का संयोजन कॉलेज नोडल अधिकारी नेशनल टास्क फोर्स डा. प्रेम पूनम द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन तथा सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो. डा. शालिनी सिंह मनोविज्ञान विभाग एमडी विश्वविद्यालय रोहतक ने युवाओं में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने भावनात्मक बुद्धिमत्ता, तनाव से निपटने की प्रभावी रणनीतियां, आत्म देखभाल, सकारात्मक जीवन शैली तथा आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ सहायता लेने के महत्व पर विस्तार से विचार प्रस्तुत किए। साथ ही विद्यार्थियों को मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए ध्यान योग एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता सामाजिक आवश्यकता बन चुकी है।


**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता प्रो. डा. शालिनी सिंह।

#### विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाएं

शैक्षणिक संस्थानों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएं। डा. प्रेम पूनम ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं खुल कर सांझा करने के लिए प्रेरित करना तथा एक स्वस्थ और सहयोगात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।


**उचाना।** बुजुर्ग महिला के पांव छूते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। *फोटो :हरिभूमि*

### विधायक ने दिया मदद का आश्वासन

**उचाना।** डोहाना खेड़ा गांव में छत्त गिरने से मौत का ग्रास बने जंगीर के निधन पर शोक प्रकट करने विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। मृतक के परिजनों से मिलकर हर संभव मदद खुद के निजी कोष एवं सरकार, प्रशासन से दिलवाने का आश्वासन दिलाया। 22 जनवरी को मकान की छत्त गिरने से जंगीर की मौत हो गई थी। उसके पीछे उसकी मां और दो बेटे रह गए। विधायक ने कहा कि इस तरह की घटना बड़ी दुखदायी होती है। उचाना हलका उनका परिवार है। हर व्यक्ति उनके परिवार का सदस्य है। घटना की जानकारी मिलने के बाद तुरंत एसडीएम को घटना स्थल पर जाने के निर्देश दिए थे। वो खुद परिवार के सदस्यों से मिले। जितनी मदद हो सकी वो सरकार, प्रशासन की तरफ से करवाएंगे। खुद के निजी कोष से भी वो परिवार की मदद करेंगे। इस दुख की घड़ी में वो परिवार के साथ है।

## हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने सांसद के बयान की घोर निंदा की

# उत्तरपुस्तिकाओं पर क्यूआर कोड लगाने की साजिश को सहन नहीं करेंगे : शर्मा

12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर भागीदारी का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठानिया,वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, कैशियर शीशपाल शर्मा, सहसचिव शमशेर कालिया, संगठन सचिव सुरेश द्रविड़, प्रैस सचिव मदन गोपाल, ऑडिटर करमचंद केसर, कार्यालय सचिव गुरमीत सिंह, जोगिंद्र सिंह,कृष्ण आर्य, सतपाल पांचाल, राजकुमार कश्यप, संदीप कुमार, जितेंद्र नेहरा,मस्त राम शास्त्री, सुरजीत सिंह,नारायण दत्त व विक्रम कौल ने सयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते भाजपा के एक सांसद के उस बयान की घोर निंदा की है, जिसमें उन्होंने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की बजाय प्रदेश के सभी स्कूलों की सीबीएसई से संबद्धता की बात कही है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल भिवानी बोर्ड में कार्यरत हजारों कर्मचारियों को रोजगार से हाथ धोना पड़ेगा, बल्कि प्रदेश के सभी विद्यालयों में केवल अंग्रेजी माध्यम से ही पढ़ाई होगी। जबकि इस समय मॉडल संस्कृति व पीएमश्री स्कूलों को छोड़कर प्रदेश के सभी स्कूलों में हिंदी माध्यम से पढ़ाई करवाई जा रही है और ये सभी स्कूल भिवानी बोर्ड से संबद्ध हैं। संगठन की हमेशा मांग रही है कि प्रदेश के सभी राजकीय स्कूलों को भिवानी बोर्ड से संबद्ध किया जाए और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो शिक्षा नीति 2020 के तहत मातृभाषा को बढ़ावा देने की बात की जा रही है, दूसरी तरफ ऐसे फरमान जारी करके मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने को धरातल पर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से नकारा जा रहा है। जबकि देश के संविधान के अनुसार किसी भी बच्चे पर किसी भी भाषा माध्यम को थोपा नहीं जा सकता है।

**हजारों कर्मियों को रोजगार से धोना पड़ेगा हाथ**



कैथल। बैठक के दौरान विचार-विमर्श करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### पांच को दिल्ली कूच करेंगे कर्मचारी

उन्होंने आगे बताया कि भिवानी बोर्ड अध्यक्ष द्वारा पहले ही फिजूलखर्ची के माध्यम से बोर्ड को बर्बाद करने की कोशिश की जा रही है। इस सत्र में सेकेंडरी/सीनियर सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षा में उत्तरपुस्तिकाओं पर क्यूआर कोड और हिडन फीचर्स मुद्रण करवाने की बात की जा रही है। जबकि उत्तरपुस्तिकाओं पर क्यूआर कोड का कोई औचित्य ही नहीं बनता है, बल्कि इससे बेवजह की फिजूलखर्ची से बोर्ड पर करोड़ो रुपए का आर्थिक बोझ पड़ने के साथ-साथ उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में भी गोपनीयता भंग होने की संभावना बढ़ जाएगी उन्होंने कहा कि सरकार की इस तरह की शिक्षा व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ 5 फरवरी को प्रदेश के शिक्षक बड़ी संख्या में दिल्ली कुच करेंगे और 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़कर भागीदारी करेंगे।

## 23 मार्च को पिपली में किसान मजदूर जन-क्रांति रैली होगी

■ शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर भाकियू भरेगी आंदोलन की हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढांड

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की हलका स्तरीय बैठक युवा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम कसाना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि हरियाणा में धान खरीद में 5 हजार करोड़ से अधिक के धान घोटाले की सीबीआई जांच करवाने, आम जनता व किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए भाकियू (चढ़ूनी) द्वारा 23 मार्च को अनाज मंडी पिपली कुरुक्षेत्र में समानता, न्याय और अधिकारों के लिए किसान मजदूर जन क्रांति रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से हजारों किसान इस रैली में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि धान खरीद में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल व राज्य की खरीद एजेंसियों, मंडी प्रशासन, कृषि व किसान कल्याण विभाग द्वारा किए गए कार्यों में गंभीर अनियमितताएं, संदिग्ध सत्यापन फर्जी रकवा वदी व अवैध खरीद के गंभीर मामले सामने आए हैं, जिनमें राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को हजारों करोड रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। धान घोटाले की सीबीआई से निष्पक्ष जांच तत्काल करवाए जाने, घोटाले से संबंधित सभी रिकॉर्ड जब्त करके संरक्षित करने के लिए तत्काल निर्देश दिए जाने, खरीद एवं सत्यापन में शामिल कर्मियों पर एफआईआर करनी चाहिए। भाकियू (चढ़ूनी) महाभ्रष्टाचार के खिलाफ संगठित धान घोटाला,स्कूल में अस्पतालों की लूट,आयात कर, बिजली व बीज बिल आदि मुद्दों को लेकर आंदोलन करने जा रही है।


एडवोकेट विक्रम कसाना

## कुरुक्षेत्र की तर्ज पर एलिवेटिड रेलवे ट्रैक बनाने की मांग


कैथल। नगर सुधार समिति कैथल के प्रधान रघबीर सिंह शिमला व अन्य सीएम से मिलते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ नगर सुधार समिति कैथल का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

कैथल में रोहतक और कुरुक्षेत्र की तर्ज पर एलिवेटिड रेलवे ट्रैक बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। रविवार को कैथल से बड़ी संख्या में लोग चंडीगढ़ पहुंचे। लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री की ओर से इस मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में करीब 75 लोग शामिल रहे। इनमें नगर सुधार समिति कैथल के प्रधान रघबीर सिंह शिमला प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा रमन सचदेवा, कर्मबीर ढुल, प्रीतम देवीगढ़, ओमप्रकाश ढांडा, दिनेश बुरा और बलकार नैन भी शामिल थे। नगर सुधार समिति के प्रधान मा. रघबीर सिंह शिमला ने बताया कि मुख्यमंत्री से अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि सीएम ने मांगों को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल ने वही मांगें रखीं, जो पहले भी मीडिया के सामने रखी जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि समिति की मुख्य मांग करनाल रोड पर प्रस्तावित आरओबी को रद्द करने की है। इसके स्थान पर शहर के सभी छह रेलवे फाटकों पर एलिवेटिड रेलवे ट्रैक बनाने की मांग की गई है। साथ ही जींद रोड पर बने आरओबी को हटाने की मांग भी रखी गई है।

### सुंदरता बढ़ेगी

मुख्यमंत्री रहते मनोहर लाल ने कई बार एलिवेटिड ट्रैक बनाने की बात कही थी। लेकिन अधिकारियों ने 'नॉट फिजिबल' बताकर रोक दिया। कहा कि एक समय जींद रोड आरओबी को हटाकर एलिवेटिड ट्रैक बनाने पर सहमति बन चुकी थी। इसके बावजूद मामले को वर्षों तक लटकाया गया। बाद में फिर से आरओबी निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। नगर सुधार समिति का कहना है कि आरओबी बनने से शहर को नुकसान होगा। इससे यातायात और शहर की संरचना प्रभावित होगी। वहीं एलिवेटिड रेलवे ट्रैक बनने से शहर सुंदर दिखेगा। साथ ही यातायात समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

### खबर संक्षेप

#### निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की

**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर सेवा व समर्पण के तहत शुरू की गई "आदित्य निःशुल्क मोबाइल अस्पताल" वैन गतदिवस कैथल शहर के वार्ड नंबर 22, बाल्मीकी बस्ती में पहुंची। इस चलते-फिरते अस्पताल में वार्डवासियों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गईं। सुबह से ही वार्ड 22, बाल्मीकी बस्ती में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य बीमारियां और अन्य जांचें कीं तथा मौके पर ही जरूरी दवाइयां मुफ्त प्रदान कीं। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने इस सुविधा की खूब सराहना की।

#### हेमराज बने बार एसो. के कार्यकारी प्रधान

**कैथल।** जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान संदीप शर्मा के कल इस्तीफा दिए जाने के बाद उपजी स्थिति से निपटने के लिए आज बार रूम में वकीलों की एक बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य नए प्रधान अथवा कार्यकारी प्रधान का चयन करना था। इस विषय पर वकीलों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। एडवोकेट बलबीर बंसल ने कहा कि एक एडहॉक कमेटी बनाई जाए। एडवोकेट पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि वर्तमान में उप प्रधान हेमराज वधवा, सचिव सचिन सिंघल, सहसचिव अमित रोहिला और कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया अनुभवी हैं और चुने हुए प्रतिनिधि हैं। इन्हें ही पावर देनी चाहिए और उप प्रधान हमेराज को कार्यकारी प्रधान बनाया जाना चाहिए।

#### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजौंद।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर माय भारत केंद्र, कैथल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु एक भव्य पदयात्रा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आई टी आई से की गई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं,राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान हाथों में तिरंगे और मतदाता जागरूकता से जुड़े संदेशों के साथ निकली इस पदयात्रा ने शहरवासियों को लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम में संदीप लेखाकार, प्रदीप व स्वयंसेवक कोमल,आशा मौजूद रहे।

## छात्राओं को स्नातक के बाद व्यावसायिक क्षेत्र में अपना करियर बनाने की सलाह दी

■ श्री कपिल मुनि राजकीय कालेज में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय कालेज, कलायत में आईसीसी एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की प्रभारी इतिहास प्राध्यापिका शीला रही। मुख्य वक्ता के तौर पर कुरुक्षेत्र से अधिवक्ता दिव्यांश को आमंत्रित किया गया। मंच संचालन करते हुए हिंदी प्राध्यापिका रितु ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर सुनील गर्ग ने छात्राओं को स्नातक के बाद व्यावसायिक क्षेत्र में अपना करियर बनाने की सलाह दी। उनके अनुसार छात्राओं को कानून की जानकारी होनी चाहिए । इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने "कानून के क्षेत्र में छात्राओं के लिए करियर के अवसर" विषय पर प्रकाश डाला। बताया कि कानून में स्नातक करने के बाद छात्राएं कॉरपोरेट वर्ल्ड, सेबी में लीगल ऑफिसर, पीएसयू में लीगल ऑफिसर, बैंकों में कानूनी अधिकारी, तथा एडवोकेसी जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकती हैं।


कैथल। अधिवक्ता दिव्यांस छात्राओं को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सतर्कता और सहयोग को लेकर मंथन किया

**कैथल।** पुलिस अधीक्षक कैथल उपासना के आदेशानुसार जिला में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से ज्वेलर्स एसोसिएशन के सदस्यों एवं होटल संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी गुरवींद्र सिंह ने की। इस दौरान अपराध रोकथाम, सतर्कता और सहयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की बैठक में डीएसपी गुरवींद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग कर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। सभी को निर्देश दिए कि सभी दुकानों में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाए जाएं।

## शिक्षक की सबसे बड़ी सफलता उसकी कक्षा का खुशनुमा वातावरण : दलाल

■ डिवाइन ग्रेस विद्यालय में 'हैप्पी क्लासरूम' विषय पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल ढांड में शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से 'कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम' के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय 'हैप्पी क्लासरूम' (खुशहाल कक्षा) रहा।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक के रूप में खुशी राम दलाल उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते कहा कि एक शिक्षक की सबसे बड़ी सफलता उसकी कक्षा का खुशनुमा वातावरण है। उन्होंने आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के गुर सिखाते हुए बताया कि जब छात्र मानसिक रूप से तनावमुक्त और खुश होते हैं, तो उनकी सीखने की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुबे सिंह ने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षण एक निरंतर सीखने की प्रक्रिया है। ऐसे प्रशिक्षण शिविरों से शिक्षकों को आधुनिक शैक्षणिक चुनौतियों का सामना करने के लिए नई ऊर्जा और दिशा मिलती है।


कैथल। डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल में हैप्पी कार्यशाला के दौरान अध्यापक व अन्य।


कैथल। बैठक को संबोधित करते विधायक अर्जुन चौटाला व अन्य।

## सिर्फ घोषणाओं तक सिमटी भाजपा : अर्जुन चौटाला

**कैथल।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की युवा इकाई की ओर से विशाल युवा सम्मेलन का आयोजन आरकेएम फार्म अंबाला रोड़ में किया गया, जिसमें रानियां से विधायक एवं युवा इनेलो के प्रमुख नेता अर्जुन चौटाला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को शक्ति प्रदान की। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को संगठन से जोड़ना, उनकी समस्याओं को उठाना व प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर मंथन करना रहा। सम्मेलन को संबोधित करते अर्जुन चौटाला ने प्रदेश की मौजूदा सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि सरकार ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को रोजगार, पारदर्शी भर्ती और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के सपने दिखाए थे, लेकिन हकीकत उलट है। आज प्रदेश का युवा बेरोजगारी, और भविष्य की अनिश्चितता से जूझ रहा है। आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रियाओं में बार-बार सामने आने वाले पेपर लीक, बाहरी लोगों को लगाकर प्रदेश के युवाओं की योग्यता पर सवाल खड़े करने और घोटालों ने युवाओं का सरकार से भरोसा पूरी तरह तोड़ दिया है।

## पूर्व सांसद ईश्वर ने पुत्र-पूर्व चेयरमैन पुत्रवधू सहित भाजपा का दामन थामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

हरियाणा की राजनीति में मंगलवार को भाजपा में एक महत्वपूर्ण ज्वाइनिंग हुईं। गुहला-चीका से जजपा के विधायक रह चुके एवं पूर्व राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन रहे ईश्वर सिंह ने अपने पुत्र एवं चेयरमैन पुत्रवधू के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ज्वाइनिंग के बाद ईश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों, सामाजिक न्याय एवं विकास की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा परिवार में शामिल होने का निर्णय लिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी ही देश और प्रदेश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में सक्षम है। बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोगों ने भी साथ में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।


कैथल। पूर्व राज्यसभा सांसद ईश्वर सिंह अपने परिवार के साथ भाजपा में शामिल होते हुए।

## लाभार्थियों के सत्यापन के लिए एरिया सभा तीस को

■ बैठक में संबंधित सभी लाभार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीवन

नगर में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना, वृद्धावस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन योजना के लाभार्थियों के सत्यापन के लिए नगर पालिका की ओर से 30 जनवरी को एरिया सभा की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में संबंधित सभी लाभार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी, ताकि उनके कागजातों का सत्यापन किया जा सके। उपरोक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि 30 जनवरी को नगर में कुल 12 स्थानों पर यह बैठक आयोजित की जाएगी। प्रत्येक स्थान पर अलग-अलग वार्डों के अनुसार लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी, जिससे प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी रूप से पूरी की जा सके। उन्होंने बताया कि सत्यापन बैठकें निम्न स्थानों पर होंगी वार्ड नम्बर 1 की बैठक डीएवी स्कूल, वार्ड नम्बर 4 की बैठक प्रजापति धर्मशाला, वार्ड नम्बर 5 की बैठक हरिजन चौपाल में होगी।


नगर पालिका सचिव दीपक कुमार

### माता मनसा देवी मंदिर में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर शत चंडी महायज्ञ संपन्न

## क्षेत्र और राष्ट्र की सुख-समृद्धि के लिए की विशेष प्रार्थनाएं

*यज्ञ में आशीर्वाद प्रदान करने के लिए बाबा खुशिनाथ एवं महंत सत्य चैतन्य पूरी उपस्थित रहे*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

फतेहपुर स्थित माता मनसा देवी मंदिर परिसर में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित शत चंडी महायज्ञ की विधिवत रूप से पूर्णाहुति संपन्न हुई। महायज्ञ क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि, भाईचारे एवं जनकल्याण की कामना को लेकर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में समाजसेवी प्रदीप चौधरी एवं समाजसेवी रवि वर्मा ने भाग लिया। पूर्णाहुति के अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधिवत आहुतियां डालकर माँ भगवती से परिवार, समाज एवं राष्ट्र की खुशहाली की कामना की। यज्ञ में विशेष रूप से आशीर्वाद प्रदान करने के लिए बाबा खुशिनाथ एवं महंत सत्य चैतन्य पूरी उपस्थित रहे। उन्होंने यज्ञ में आहुति डालते हुए शत चंडी महायज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला और बताया कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। मंदिर के पुजारी संजीव शर्मा एवं कपिल शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन एवं पूजन विधिवत संपन्न कराया गया। यज्ञ स्थल पर निरंतर देव मंत्रों की गूंज से वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक बना रहा, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माँ भगवती से प्रार्थना की कि देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे, समाज में आपसी भाईचारा बना रहे तथा प्रत्येक नागरिक सुख-समृद्धि से परिपूर्ण रहे।


पूंडरी। फतेहपुर में यज्ञ में पूर्णाहुति आहुति डालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### इनका रहा सहयोग

शत चंडी महायज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आचार्य सुदामा शर्मा एवं पुजारी संजीव शर्मा ने बताया कि इस यज्ञ से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है तथा वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ में भाग लेने से व्यक्ति के जीवन में शांति, स्वास्थ्य एवं समृद्धि का वास होता है तथा मानसिक संतुलन भी प्राप्त होता है। महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर प्रधान संजीव वालिया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, बॉबी वालिया, डॉ. अनिल वालिया, मुकेश वालिया, सचिव सुरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष नरेश वालिया, जंगी राम सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया।

**चोरों ने ग्राम सचिवालय से हजारों का सामान चुराया (राजौंद) :** कोटड़ा में ग्राम सचिवालय के सीपीएलओ ऑफिस में अज्ञात चोरों द्वारा कार्यालय का ताला तोड कर चोरी घटना को अंजाम दिया। इस बारे पुलिस को सूचना दी । कार्यालय में कार्यरत सीपीएल ओ दीपक शर्मा ने बताया कि वह 27 जनवरी शाम को ऑफिस बंद करके चला गया था। जब वह सुबह ऑफिस आए तो उन्होंने देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

**खोया और पाया**

मैं, जसविंदर सिंह पुत्र अजैब सिंह, निवासी गांव अंधली, जिला कैथल (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरी पिछली मुल बिक्री वसीका संख्या 1688/1 दिनांक 17.06.2013 थी जो दिनांक 15.10.2024 को भगत सिंह चौक कैथल के पास खो गई है। एक शिकायत नं. 132280252600145 कैथल सिटी पुलिस स्टेशन कैथल में भी दर्ज किया गया है। यदि यह किसी को मिले तो कृपया मोबाइल नंबर 9996669882 पर संपर्क करे।

## खबर संक्षेप



राजौंद। गांव मडवाल में शिविर के दौरान जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नाटक से एचआईवी के बचाव की दी जानकारी

**राजौंद।** गांव मंड़वाल में हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसाइटी के कार्यक्रम एच आई वी मुक्त हरियाणा हमारी जिम्मेवारी फोक मीडिया के माध्यम से जन जन तक संदेश और रोकथाम पर जागरुक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान नाटक मंडली के माध्यम से रोहतास पेगा और साथियों ने एड्स के फैलने के कारण और बचाव के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान आईसीटी राजौंद की टीम ने एच आई वी के टैस्ट किए, काउंसलर मनिता ने बताया कि एच आई वी एक लाइलाज बीमारी है जानकारी ही बचाव है।

### शहीद भगत सिंह भवन में हुई छात्र-युवा ब्रांच की बैठक

**कैथल।** सीपीआई (एम) भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का विरोध करती है। इस समझौते से भारतीय उद्योग व क्रृषि क्षेत्र पर नकारात्मक असर पड़ेगा और देश में बेरोजगारी बढ़ेगी। उन्होंने यह बात शहीद भगत सिंह भवन कैथल में हुई छात्र-युवा ब्रांच मीटिंग के दौरान कही। मीटिंग की अध्यक्षता ज्योति ने की जबकि संचालन मंजीत सिंह रोहेड़ा ने किया। मीटिंग को प्रदेश सचिव प्रेम चंद व जिला सचिव सतपाल आनंद ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत व यूरोपीय संघ समझौता भारत के आर्थिक हितों को यूरोपीय संघ के सामने पूरी तरह से समर्पण करने जैसा है।

### राजौंद के मुख्य मार्ग पर भरा कीचड़ व गंदा पानी

**राजौंद।** राजौंद के मुख्य मार्ग पर कीचड़ व पानी भरने से लोगों का खाली निकलना दुर्भर हो गया है। आलम यह है कि टूटी हुई सड़क में पानी भरने से कई वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार हो गए और वाहन धंसने से कई बार लंबा जाम भी लगा। लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा,जिसका खामियाजा आम नागरिकों के साथ-सा वाहन चालकों को भुतगना पड़ रहा है। इसी मार्ग पर चार सरकारी स्कूल व कालेज पड़ता हैं। जहां हजारों छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं। कई बार इसमें विद्यार्थी गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

### 1200 से अधिक रोगियों का नि:शुल्क इलाज

**कलायत।** सांसद नवीन जिंदल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कलायत स्थित नगर पालिका कार्यालय भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर कलायत व आस पास के गांवों से लोग पहुंचे। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने 1200 से अधिक मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई। सांसद नवीन जिंदल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कैथल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की सीरीज शुरू करने की घोषणा की थी।

# खेलो इंडिया किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सगी बहनों विधिका, रिद्धिमा ने जीते गोल्ड

- जम्मू यूनिवर्सिटी में आयोजित खेल प्रतियोगिता में गोल्ड जीतकर प्रदेश का नाम किया रोशन
- भौंगरा की दोनों बेटियां अब तक बटोर चुकी हैं 50 से अधिक गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जम्मू यूनिवर्सिटी के प्रागंण में चार दिवसयीय नॉर्थ जोन अस्मिता किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में फरीदाबाद की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भौंगरा की सगी बहन विधिका कौशिक, रिद्धिमा कौशिक ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। लाइट किक बॉक्सिंग में दूसरे खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मेडल जीते। दोनों तमिलनाडु के चेन्नई में 26 से 29 मार्च को नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इससे पहले भी ये दोनों बहन अब तक 50 से अधिक गोल्ड मेडल जीत चुकी है। भारत सरकार के खेल मंत्रालय की ओर से महिलाओं के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जोनल लेवल पर नार्थ जोन के 8 राज्यों से 600 महिला खिलाडियों ने भाग लिया। अस्मिथा खेल इंडिया के माध्यम से महिलाओं को आगे लाने के लिए यह प्रतियोगिता बहुत खास रही है। गोल्ड मेडल विजेता खिलाडियों के खाते में भारत सरकार की ओर से 11 लाख 66 हजार रूपये उसके खाते में भेजा जाएगा।







उचाना। किक बॉक्सिंग में विजेता विधिका कौशिक तथा किक बॉक्सिंग में विजेता रिद्धिमा कौशिक। फोटो : हरिभूमि

### 10 साल में जीते 50 से अधिक गोल्ड मेडल

दोनों बहनों की उम्र भले ही अभी कम है, लेकिन इन्होने किक बॉक्सिंग में जो महारथ हासिल की है, वह वाकई काबिलेतारिफ है। अब तक ये दोनों बहनें 50 से अधिक गोल्ड मेडल बटोर चुकी है। कोच संतोष थापा ने बताया कि पिछले 10 साल से ड्रैगन मार्शल आर्ट अकादमी में ट्रैनिंग कर रही है। शुरूआत में रिद्धिमा कौशिक ने फिटनैस व सेल्फ डिफेंस के उद्देश्य से ट्रैनिंग की गई थी, लेकिन आज वर्ल्ड स्तर की इंटरनेशनल खिलाडी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। दादा ओमप्रकाश भौंगरा, पिता सुरेंद्र कौशिक, माता रितु कौशिक ने बताया कि उनकी बेटी आए दिन खेलों में देश व प्रदेश को गौरन्वित कर रही है। हमें उम्मीद है कि एक दिन बेटी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किक बॉक्सिंग व वुशू में पहले स्थान पर आकर भारत का नाम रोशन करेगी।

# जींद में बुनियाद लेवल 2 परीक्षा 30 को होगी

विद्यार्थियों के परीक्षा केंद्र पर रिपोर्टिंग का समय दोपहर साढ़े 12 बजे तक रहेगा

## जिले के 1343 विद्यार्थियों का चयन लेवल 2 के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में बुनियाद लेवल 1 की परीक्षा परिणाम के बाद बुनियाद लेवल 2 परीक्षा की 30 जनवरी को होगी। परीक्षा को लेकर जिलेभर में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पिछले दिनों जारी हुए परीक्षा परिणाम में जिले के 1343 विद्यार्थियों का चयन लेवल 2 के लिए हुआ है। विद्यार्थियों के परीक्षा केंद्र पर रिपोर्टिंग का समय दोपहर साढ़े 12 बजे तक रहेगा। वहीं परीक्षा दोपहर बाद एक बजकर 30 मिनट से लेकर पौने तीन बजे तक होगी। परीक्षा के समय विद्यार्थियों के आधार कार्ड और एडमिट कार्ड की जांच की जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी परीक्षा के समय केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। वहीं जिला विज्ञान को परीक्षा का नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिले में सात ब्लाक हैं। गौरतलब है कि 26 दिसंबर को 13 केंद्रों पर मिशन बुनियाद के तहत लेवल 1 की परीक्षा हुई थी। परीक्षा के लिए जिलेभर से 4548 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था।




जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

जिसमें से 3727 विद्यार्थी हाजिर रहे और 821 विद्यार्थी गैर हाजिर थे। मिशन बुनियाद के तहत बैच 2026-28 के लिए विद्यार्थियों का चयन किया जाना है। बुनियाद कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग व हरियाणा सरकार की ओर से विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को सक्षम व प्रशिक्षित करने के लिए शुरू किया गया कार्यक्रम है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना व उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव डालना है। बुनियाद कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग व हरियाणा सरकार की ओर से विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को सक्षम व प्रशिक्षित करने के लिए शुरू किया गया कार्यक्रम है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना व उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव डालना है। विकल्प संस्थान की ओर से बुनियाद कार्यक्रम के अंतर्गत नौवीं कक्षा से ही विद्यार्थियों को जेईई व नीट के लिए तैयार करना आरंभ कर दिया जाता है। जिसके लिए नौवीं व 10वीं कक्षा में ही उन्हें नीट व जेईई की बेसिक कोचिंग दी जाती है। चयनित विद्यार्थियों को बुनियाद कार्यक्रम में बच्चों को निशुल्क वर्दीए पाठ्य पुस्तकेंए टैबलेट के साथ ही बुनियाद सेंटर तक आने जाने के लिए भत्ता भी दिया जाता है। जिले में इस समय मिशन बुनियाद के तहत पांच केंद्र चल रहे हैं। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना, माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों व पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना शामिल हैं। जिसमें लगभग 200 विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग ले रहे हैं।

### परीक्षा को लेकर बनाए गए हैं यह केंद्र

| परीक्षा केंद्र का नाम | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद | 412 |
| राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना | 182 |
| पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना | 271 |
| राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों | 213 |
| राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना मंडी | 265 |

### मिशन बुनियाद लेवल 2 में भी जिले के विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन को तैयार

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान ने बताया कि पिछले सप्ताह बुनियाद लेवल 1 का परिणाम जारी हुआ था। जिसमें 1343 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। उम्मीद है कि मिशन बुनियाद लेवल 2 में भी जिले के विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। मिशन बुनियाद के तहत लेवल 2 की परीक्षा 30 जनवरी को होगी। परीक्षा को लेकर जिलेभर में पांच केंद्र बनाए गए हैं।



जींद। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर।

# मनरेगा में बदलाव श्रमिकों के अधिकार पर हमला : रिषिपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कांग्रेस पार्टी द्वारा देशभर में शुरू किए गए मनरेगा बचाओ संग्राम, अभियान के तहत बुधवार को जींद में कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर की अध्यक्षता में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा में किए जा रहे बदलावों को गरीब, मजदूर और ग्रामीण भारत के खिलाफ बताया गया तथा इन्हें श्रमिकों के काम के संवैधानिक अधिकार पर सीधा हमला करार दिया गया। इस मौके पर रिषिपाल हैबतपुर ने कांग्रेस पदाधिकारियों से गांव-गांव जाकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना का न केवल नाम बदला है बल्कि उसका पूरा स्वरूप ही बदल दिया गया है। इससे मजदूरों को मिलने वाला काम और मजदूरी दोनों असुरक्षित हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मनरेगा के मूल उद्देश्य को खत्म कर इसे ठेकेदार, प्रधान व्यवस्था में बदलना चाहती है। जिससे ग्राम पंचायतों के अधिकार छीने जा रहे हैं और ठेकेदारों को सौंपे जा रहे हैं। यह बदलाव सीधे तौर पर ग्रामीण मजदूरों के शोषण को बढ़ावा देगा। रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों के लिए रोजगार की गारंटी का कानून है। जिसे संविधान में निहित सामाजिक न्याय की भावना के तहत लागू किया गया था लेकिन वर्तमान सरकार इसके अधिकार आधारित स्वरूप को खत्म कर इसे एक सीमित और नियंत्रित योजना में बदल रही है। इससे देश में बेरोजगारी बढ़ेगी और लाखों मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों, सरपंचों और मनरेगा मजदूरों से सीधा संपर्क करें तथा उन्हें मनरेगा में किए जा रहे बदलावों के दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दें।

# सीआरएसयू में शोध और वैश्विक सहयोग की ऐतिहासिक पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- अंतरराष्ट्रीय मंच पर सशक्त पहचान की ओर बढ़ता विश्वविद्यालय



वीसी प्रो. रामपाल सैनी।

उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय सीआरएसयू ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। देश एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध एवं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने की दिशा में विश्वविद्यालय ने एक ऐतिहासिक वैश्विक अकादमिक सहयोग स्थापित किया है। यह उल्लेखनीय पहल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व में संपन्न हुई है, जो सीआरएसयू को वैश्विक शैक्षणिक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि सीआरएसयू जींद ने शिक्षा के साथ-साथ शोध एवं नवाचार को अपनी प्राथमिकता बना कर विश्वविद्यालय को एक वैश्विक शोध उन्मुख संस्थान बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए हैं। विश्वविद्यालय में शोध संस्कृति को मजबूत करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिकों और प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ अकादमिक सहयोग स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही विश्वविद्यालय ने विजिटिंग रिसर्चर कार्यक्रम, विशेषज्ञ व्याख्यान, कार्यशाला, सेमिनार तथा अंतर विभागीय शोध ताकि छात्र एवं शिक्षक दोनों ही आधुनिक शोध उपकरणों और नवीनतम तकनीकों से परिचित हो सकें। इसके अलावा शोध आधारित पाठ्यक्रम, शोध इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार और छात्रों को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन जैसी व्यवस्थाएं भी लागू की जा रही हैं।

### पूर्व जिला महामंत्री रिछपाल काब्रच्छा को दी भाजपा ने बड़ी जिम्मेदारी

- जिला ज्वानिग कमेटी में किया शामिल

**उचाना।** भाजपा द्वारा पार्टी में शमिल होने के लिए ज्वाइन समिति प्रदेश, जिलास्तर पर बनाई गई। जींद जिले में बनाई गई समिति में शामिल करते हुए पूर्व जिला महामंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रिछपाल काब्रच्छा को शामिल कर बड़ी जिम्मेदारी देने का काम किया है। समिति के जिला प्रधान, जिला प्रभारी के साथ एक सदस्य बनाया गया है। रिछपाल काब्रच्छा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, सीएम नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली, जिला अध्यक्ष तिजेंद्र दूल, जिला प्रभारी मोहन लाल गोयल को आभार प्रकट किया। काब्रच्छा ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। आज दूसरी पार्टियों के नेता भाजपा में आने के लिए तैयार बैठे है। निरंतर ज्वाइनिग भाजपा में हो रही है। जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसको निष्ठा से निभाने का काम करेंगे। आज हर कोई इस बात को जानता है कि देश, प्रदेश भाजपा पार्टी के शासन में तरक्की पर जा सकता है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी खींच रहे हैं विकसित हरियाणा की नई लकीर : सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

एसवाईएल के मुद्दे पर पंजाब के साथ तालमेल बैठाकर मुद्दे का हल ढूंढना सकारात्मक पहल



सतपाल जांबा

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने की दिशा में विकसित हरियाणा की एक नई लकीर खींच रहे हैं। बिना रुके, बिना थके वे निरंतर हरियाणा प्रदेश में नई-नई योजनाएं लागू कर रहे हैं। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एसवाईएल को लेकर पंजाब सरकार के साथ जो सकारात्मक पहल कर बातचीत से रास्ता निकालने का प्रयास किया है, वह एक सराहनीय पहल है। दोनों राज्यों के बीच चले आ रहे इस लंबे विवाद को आपसी बातचीत से सुलझा लिया जाता है तो दोनों ही राज्यों के किसानों को राहत मिलेगी। अपने आवास पर कार्यकर्ताओं से बातचीत में सतपाल जांबा ने कहा कि आज हरियाणा में विकास की गंगा बह रही है। आम जन के चहेते मुख्यमंत्री उनके बीच में रहकर विकास का रास्ता प्रशस्त कर रहे हैं। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष धरातल पर अपनी जमीन खो चुका है। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि पूंडरी क्षेत्र में आज हर क्षेत्र में रिकॉर्डतोड़ विकास कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यहां आयोजित रैली में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की थी। जिसमें से अधिकतर विकास काय सिरे चढ़ रहे हैं। अधिकतर में कार्य धरातल पर उतर चुका है। इसके अलावा भी कई तरह की विकास परियोजनाएं पूंडरी क्षेत्र में चल रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी पूंडरी में रिकॉर्डतोड़ विकास कार्य करवाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि से केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों की जन-जन को जानकारी दें। ताकि पात्र लोग उनका लाभ उठा सकें।

### पुलिस ने अभियान चलाकर किए 75 वाहनों के चालान

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 19 जनवरी से 25 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 25, ध्वनि प्रदूषण करने के 3, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 42 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 5 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को भी यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी।

# बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए दिए जा रहे 80 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- राशि को भी 50 हजार से बढ़ाकर 80 हजार किया

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डा. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा योजना में बदलाव के उपरान्त इसमें सभी पात्र बीपीएल परिवारों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार से बढ़ाकर 80 हजार किया है। डीसी ने बताया कि हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। उन्होंने इस योजना के नियम शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि यदि पहले मकान निर्माण के लिए या अपने समय के निर्मित मकान को बनाए हुए 10 साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी आप इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सरकारी प्रवक्ता ने इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ता हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा आवेदनकर्ता का नाम बीपीएल सूची में दर्ज होना चाहिए। आवेदनकर्ता को अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को बीपीएल परिवार होने का अपना जाति प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रार्थी की परिवार आईडी, बीपीएल राशन कार्ड नंबर, राशन पत्रिका, एससी, ओबीसी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, मोबाइल नंबर, घर के साथ फोटो, बिजली बिल, हाउस रजिस्ट्री, पानी बिल में से कोई भी दो मकान की मरम्मत पर अनुमानित खर्च का प्रमाण जैसे कागजात जरूरी है।

**आयोजन** प्रवचन में बोले अभिषेक मुनि, सच्चे मन से भक्ति करने से हर कार्य होते है सफल

# बनभौरी में होगा 525 गज में मां बनभौरी जैन स्थानक का निर्माण

गुरु अरूण चंद्र महाराज के शिष्य अभिषेक मुनि, अनुराग मुनि के सान्निध्य में निर्माण की ईंट रखी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

देवभूमि बनभौरी में करीब 525 गज जमीन में मां बनभौरी जैन स्थानक का निर्माण होगा। गुरु सेवक सुभाष बनभौरी द्वारा गुरु अरूण चंद्र महाराज की प्रेरणा से 525 गज जमीन निर्माण को लेकर दी। गुरु अरूण चंद्र महाराज के शिष्य अभिषेक मुनि, अनुराग मुनि के सान्निध्य में निर्माण की ईंट रखी गई। अभिषेक मुनि की जन्म स्थली बनभौरी है। बनभौरी के लाल के स्वागत में पूरे गांव के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र से लोग पहुंचे। प्रवचन में अभिषेक मुनि ने कहा कि



उचाना। बनभौरी में मां बनभौरी जैन स्थानक निर्माण की नींव ईंट रखते हुए। फोटो : हरिभूमि

जो इंसान सच्चे मन से भक्ति करता है उसके सारे कार्य सफल होते है। कहानी के माध्यम से बताया कि एक गुरू एवं उसके काफी शिष्य थे। सभी शिष्य समझदार थे लेकिन एक शिष्य भोला था। भोला शिष्य गुरु को आकर बोला आपने सभी शिष्यों को मंत्र दे रखे , सारा ज्ञान दे रखा है ऐसे में उनके पास काफी श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। मुझे भी मंत्र तो ताकि मैं भी प्रसिद्ध हो जाऊ। गुरु ने इस पर मना कर दिया और शिष्य उदास होकर बैठ गया। उन्होंने आगे बताया कि एक बार गुरु प्रवचन कर रहे थे। वो शिष्य फिर गुरु के पास आया और सभा में मंत्र लेने की जिद्द करने लगा। गुरु ने परेशान होकर कहा कि ए मुर्ख वैला देखना कुबेला देखना लेकिन शिष्य सोचा कि गुरु ने गुरु मंत्र दे दिया है।

### गुरु शिष्य की महिमा का वर्णन

जैन मुनि ने आगे बताया कि भोला शिष्य राजा के पास गया और कहा कि वो उसके बेटे को बचा सकता है। बेटे के पास राजा उसको लेकर गया तो उसने उसी मंत्र को उच्चारण करना शुरू कर दिया जो शब्द गुरु ने गुस्से में उसे कहे थे। सांप का बिल भी वहीं था सांप तक जब उस मंत्र की ध्वनी पहुंची तो सांप ने सोचा कि मैंने गलत काम कर दिया है सांप बिल से बाहर आया तो राजा के बेटा का विष पी गया। ऐसे में राजा का बेटा जीवत हो उठा। गुरू को भी आश्चर्य हुआ कि जो कोई नहीं कर सका वो भोले शिष्य के कर दिया। गुरु को फिर समझ में आया कि जो सच्चे दिल से भक्ति करता है उसके सारे कष्ट अपने आप कट जाते है जो सच्चे दिल से भक्ति नहीं करता बड़े-बड़े मंत्र भी उसके लिए काम नहीं करते। इसलिए अपने मन से सच्ची भक्ति करने की प्रेरणा श्रद्धालुओं को दी।

### डा. बिजेंद्र ढांड बने एचसीएमएस महासचिव

**जींद।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन (एचसीएमएस) की प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर चुनाव गत दिवस संपन्न हुआ। इस चुनाव में जींद नागरिक अस्पताल से से डा. बिजेंद्र ढांडा महासचिव चुने गए हैं। बुधवार को जींद पहुंचने पर नागरिक अस्पताल में कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला सहित अन्य चिकित्सकों ने डा. बिजेंद्र ढांडा का स्वागत किया गया। इस चुनाव में प्रधान डा. अनिल यादव रेवाड़ी से, वरिष्ठ उप प्रधान डा. नितिन सोनीपत से, उप प्रधान डा. रिंकू सांगवान पानीपत, संयुक्त सचिव डा. पियूष, कोषाध्यक्ष डा. विपुल को चुना गया है। नवनिर्वाचित डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन ने जो जिम्मेवारी दी है, उस पर वो खरा उतरने की कोशिश करेंगे। यूनियन पहले भी चिकित्सकों की मांगों को जोर-शोर से उठाती आई है और और नई कार्यकारिणी इससे भी ज्यादा असरदार तरीकों से चिकित्सकों की मांगों को उठाएगी।